श्री भागवत ग्रुप आफ़ कालेज शिक्षा, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति का केंद्र : पूर्व सांसद

छात्र-छात्राओं को ग्यारह सौ जामुन का पौधा वितरित

मदनपुर। शहर के चर्चित शिक्षण संस्थानों में से एक व देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमका आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि श्री भागवत ग्रुप आफ कालेज शिक्षा संस्कार एवं भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है यहां के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन तथा कार्य-व्यवहारमें भारतीय सभ्यता, संस्कृति, परंपरागत ज्ञान, साहित्य एवं संस्कार की छाप दिखाई देती है। हमारे माता-पिताने हमें जन्म दिया हैं घरके सदस्यों ने मिलकर पालन पोषण कर बड़ा करते हैं बड़े होनेपर हमारा भी उनके प्रति कुछ नैतिक उत्तरदायित्व होता है उसका पालन करना हमारे स्वभाव में होना चाहिए। आजकल सोशल मीडिया पर बहुत तरहकी अनावश्यक एवं अनैतिक क्रियाकलापोंके माध्यमसे नवयुवकों को गुमराह किया जा रहा है ऐसेमें युवाओंको सतर्क और सावधान रहनेकी जरूरत है।

मुख्य अतिथिने श्री भागवत ग्रुप आफ कालेजके सभी छात्र-छात्राओं को इस वर्ष ग्यारह सौ जामुन का पौधा वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री भागवत ग्रुप आफ कालेज द्वारा पिछले वर्षोंमें नीम,



पीपल आदि का पौधा वितरित किया गया था। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार सिंह सम्मानित अतिथि सुनील कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, डा. अरविन्द कुमार यादव, पंकज कुमार सोनी आदिने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान साल, बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल ग्रुप का कालेज के डायरेक्टर अभय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मंथ संचालन असिस्टेंट प्रो. श्रेया गुप्ता तथा स्वीटी कुमारीने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डा. अरविन्द कुमार यादव ने दिया। इस अवसरपर दीपक कुमार सिंह, जयप्रकाश पाल, निक्की कुमारी, ब्रजेन्द्र कुमार, रूबी कुमारी, राम विजय चौरसिया, दीपक कुमार पाठक, सुदामा सिंह यादव, बबलू कुमार, रवि कुमार, मोहन सिंह, पिंकी कुमारी निधि कुमारी प्रिया रंजन कुमार चंदन कुमार सिंह, विकास चौबे, अभिषेक कुमार, प्रज्ञा कुमारी, कौशलेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

चोरी की मोबाइल और चांदी की पायल के साथ युवक गिरफ्तार

गयाजी। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामानकी चोरी एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ, सीपीडीएस और जीआरपीकी संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीमने गया रेलवे स्टेशन से एक युवक को चोरीके मोबाइल फोन और चांदी जैसी धातु की पायल के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद सामानकी कुल अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारीके अनुसार, 1 नवंबर को आरपीएफ पोस्ट गया के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देशन में आरपीएफ, सीपीडीएस गया और जीआरपी की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के लिए गश्तके दौरान प्लेटफार्म संख्या एक के हावड़ा छोर पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पूछताछमें उसकी पहचान औरंगाबाद जिलेके मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उचौली गांव निवासी जासिम खान पिता सलीम खानके रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक हल्के हरे रंग का रेडमी 5जी स्क्रीन टच मोबाइल फोन तथा लगभग 10 ग्राम वजनकी छोटे बच्चे के पैर की चांदी जैसी सफेद धातु से बनी पायल बरामद की गई। मोबाइल बिना सिम कार्ड के था और स्क्रीन लाक अवस्थामें चालू था। मौके पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरपीएफके उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमारने बरामद सामान एवं संबंधित दस्तावेजोंके साथ आरोपीको आगे की कार्रवाईके लिए जीआरपी गया को सुपुर्द कर दिया।

झंडाचौक बाजार में खड़ी करते ही मोपेडमें लगी आग, मची अफरा-तफरी

फतेहपुर (आससे)।फतेहपुर झंडाचौक बाजार में शनिवार की शाम सात बजे एक मोपेडमें अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मोपेड खड़ी करते ही उसमें आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने तेजी पकड़ ली। मोपेड से धुआं और आग की लपटें निकलती देख आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। घटना के बाद मोपेड मालिक ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लोगों की तत्परता और सामूहिक प्रयास से आगपर काबू पा लिया गया। इससे आग को आसपासकी दुकानों और अन्य वाहनों तक फैलने से रोक लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, मोपेड में आग लगने के कारणोंका पता नहीं चल सका है।

गौतम बुद्धा फुटबाल अकादमी तारीडीह व अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबाल अकादमी का मैच ड्रा

गयाजी। गयाजी फुटबाल संघके हर्ष, खुशी का पल है। अध्यक्ष राकेश सिन्हा, पूर्व फुटबालर,सचिव अभय सिंह पूर्व पुलिस खिलाड़ी जिन्हें बिहार फुटबाल संघ पटना मे सम्मानितकर अनुशासन समितिमें शामिल कर बीएफए अध्यक्ष पटना द्वारा इस संघको आधिकारिक मान्यता अनुमति लीग संचालन की अहम जिम्मेदारी स्थायी रूप में स्वीकृति ,जिला में फुटबाल विकाश गतिविधियों की देख रेख करेगी। जैसे स्कूल गेम्स ,प्रमंडलीय खेल में हाल ही में इसी संघ ने कराया। आज से सक्रिय इस संघ ने अपनी दायित्व निभाते हुए आज पुनः स्टेडियम में लीग 25- 26 सेशन गुलज़ार हुई। साथ ही जिला खेल पदाधिकारी मैडम के स्टेडियम परिसरकी अनुमति प्रशंसनीय कदम से 3 दिसंबर तक दी गई। जिसकी विधिवत शुरुआत हुई। आजका पहला मैच गौतम बुद्धा फुटबाल अकादमी तारीडीह बस्ती बोधगया के गरीब युवा फुटबालर जिसे विनय श्रीवास्तव मार्गदर्शन करते हैं और तेज तर्रार युवा टीम अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबाल अकादमी जिनके कोच अवतार अंसारी शारीरिक शिक्षक है के साथ खेला गया जो गोल रहित ड्रा रहा। दूसरा मैच भी आनंदा और तीन दशकों पुरानी उपासना टीम के साथ खेला गया जिसमें आनंदा ने सराहनीय प्रदर्शन कर मध्यांतर तक तीन गोल से आगे थी।

जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन का रिश्ता शरीर और प्राण जैसा : कुलपति

बोधगया (आससे)। मगध विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से 'ट्रेंड्स इन ग्लोबल क्लाइमेट चेंज एंड इट्स इम्पैक्ट आन बायोडायवर्सिटी' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनमें अमेरिका , स्वीडन, दक्षिण कोरिया, भारत सहित पांच



देशों के 245 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि सात विदेशी विद्वानों ने आनलाइन माध्यम से अपने विचार साझा किए।

समापन समारोहको संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि जैव विविधता और जलवायु परिवर्तनका संबंध शरीर और प्राण की तरह है। दोनों एक-दूसरेके बिना अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोगसे पर्यावरणका संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने लोगों से संसाधनों का सीमित उपयोग करने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की अपील की।

सम्मेलनके दौरान आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी में मनीषा कुमारी ने प्रथम, सूर्या सरकार एवं रेखा कुमारी ने द्वितीय तथा कल्पना कुमारी एवं ऋषिका राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की श्रेया रानी प्रथम, मणिपुर की रोजिना देवी द्वितीय और स्वास्तिका आनंद तृतीय स्थान पर रहीं। कुलपति ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मंगल महरौरको रणजी ट्राफी टीम का कप्तान बनाया जाना गयाजी एवं क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व की बात: अशोक

गयाजी। गया जी के लाल मंगल महरौर को बिहार रणजी ट्राफी टीम का कपतान बनाये जानेके उपलक्ष्य में प्रेस



कान्फ्रेंस आयोजित की गयी। प्रेस कान्फ्रेंस म शहर के गणमान्य लोग तथा क्रिकेट प्रेमी शामिल रहे। प्रेस कान्फेंस की अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक दा ने की। उन्होंने कहा कि मंगल महरौर को रणजी ट्राफी टीमका कप्तान बनाया गयाजी एवं क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा की ये पुरे गया ज़िले के लिए गर्व की बात है की गया जी के लाल मंगल महरौर को भारत के सबसे बड़े क्रिकेट प्रतियोगता मे बिहार का नेतृत्व करेगा। वही विजय कुमार सिन्हा ने बताया की मंगल बचपन से ही अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाते आया है। अखिलेश सिंह ने बताया कि मंगल महरौर के इस उपलब्धि से गया जी के युवा खेलाडी को अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। डा जियाउर रहमान बोले कि मंगल अभी आईपीएल एवं और बड़े टीम का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर पर मंगल महरौर के कोच अविनाश सिंह ललन जी, विजय सागर चिंटू ,दीपक सिंह, संतोष छोटे, धनांजय यादव, अरूण यादव, ,शरीफ,गौरव सिरमौर ,दीपक दीपू ,अविनाश टींकु और काफी संख्या मे यूथ क्रिकेट आकादमी के बच्चे उपस्थित रहे।

गया जिले में 45.36 प्रतिशत आबादी की बनी आभा आईडी

पूरे राज्य में मिला छठा स्थान

गयाजी। जिले में स्वास्थ्य सेवाओंको डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने की कवायद तेजी से आगे बढ़ रही है। मरीजों के स्वास्थ्य रिकार्ड को आनलाइन सुरक्षित रखनेके उद्देश्य से स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचने वाले लोगों की आभा आईडी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति ने जिले को 7 नवंबर तक एएनएम-एसडी पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का सख्त लक्ष्य सौंपा है। डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार के अनुसार, जिले की अनुमानित आबादी लगभग 53 लाख 57 हजार 152 है, जिसके मुकाबले अक्टूबर माह तक 45.36 प्रतिशत यानी कुल 24 लाख 30 हजार 93 आभा आईडी तैयार किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि के साथ गया जिला पूरे राज्य में छठे स्थान पर है। विभाग द्वारा आयुष्मान सेतु ऐप के जरिए आधार कार्ड और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की मदद से यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इस डिजिटल व्यवस्था से मरीजोंको पांच प्रमुख लाभ मिल रहे हैं। इसके तहत मेडिकल हिस्ट्री, डाक्टर के पर्चे और जांच रिपोर्ट सुरक्षित रहती हैं, श्स्कैन एंड शेयरश से त्वरित पंजीकरण होता है, डाक्टर पुरानी रिपोर्ट देखकर बेहतर इलाज कर पाते हैं, डिजिटल रिकार्ड आसानी से एक्सेस होते हैं, और विभिन्न अस्पतालों के बीच रिकार्ड सुरक्षित रूप से साझा किए जा सकते हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपीलकी है कि वे स्वयं आयुष्मान सेतु ऐप डाउनलोड कर अपनी आभा आईडी अवश्य बनाएं।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा की सफलता के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा ने की बैठक

गया जी। भारतीय जनता पार्टी, गया जिला पूर्वी की ओरसे आगामी 5 नवंबर 2026 को गांधी मैदानसे आजाद पार्क तक आयोजित होने वाली 'लोकतंत्रबचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के उद्देश्य से आज भाजपा ओबीसी मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक डेल्हा स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के समीप आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी मोर्चा के सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं जिला स्तरके पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में पदयात्र की तैयारी, संगठनात्मक जिम्मेदारियों एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनेको लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि आज देश में विपक्षी दल अपनी राजनीतिक किलताओं और नाकामियों को छिपाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अनावश्यक सवाल खड़े कर रहे हैं। चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर



जनताके बीच भ्रम फैलाने तथा वोट चोरी जैसे निराधार मुद्दों को उछालकर सरकारको अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ओबीसी मोर्चाके कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे पूरी ताकत और एकजुटताके साथ 5 नवंबरकी पदयात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि 5 को आयोजित पदयात्रा में ओबीसी मोर्चाकी ओर से 2,000 कार्यकर्ता शामिल होंगे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृष्णा साहू ने की। इस अवसरपर सुजीत कुमार, दयानंद चंद्रवंशी, गुड्ड साव, वासुदेव प्रसाद, दिलचंद प्रसाद, अशोक कुशवाहा, राजकुमार साव, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, रवि कुमार, अजय कुमार सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाकपा माले के संस्थापक सदस्य कामरेड स्वदेश भटाचार्य की याद में श्रद्धांजलि सभा

गयाजी।भाकपा माले के संस्थापक सदस्य और वरिष्ठ नेता कामरेड स्वदेश भटाचार्य के निधन र आज गया के कचहरी कंपाउंड स्थित ऐक्टू कार्यालय में श्रांजलि सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन व उनके चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई।

श्रद्धांजलि सभा में अपनी बात रखते हुए पार्टी जिला सचिव निरंजन कुमारने कहा कि 84 वर्षीय कामरेड स्वदेश भटाचार्य का निधन भाकपा माले सहित संपूर्ण वामपंथी आंदोलनके लिए अपूर्णीय क्षति है।

कामरेड स्वदेश भटाचार्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशनकी पुनर्गठित केंद्रीय समिति के जुलाई 1974 से अब तक के अंतिम जीवित सदस्य थे। 28 जुलाई 1974 को गठित इस केंद्रीय समिति के अन्य दो सदस्य कामरेड जौहर सुब्रत दत्त और कक्रारेड विनोद मिश्र थे, जिन्होंने कामरेड चारु मजूमदार के बाद पार्टी के महासचिव का दायित्व संभाला था।

कामरेड स्वदेश भटाचार्यका पार्थिव शरीर 01 नवंबरको पटनामें अंतिम दर्शनके लिए रखा गया और 02 नवंबर 2026 को पटनामें ही उनकी अंतिम यात्र होगी। जिसमें जिलेसे सैंकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रममें भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, रीता वर्णवाल, जिला कमेटी सदस्य रामचंद्र प्रसाद, सिद्धनाथ सिंह, मो. शेरजहां समेत रामानंद सिंह, शंभू राम, जन संस्कृति मंच के मुरारी शर्मा, सुनील कु व मंजू सिन्हा व कई लोग शामिल थे।

आजाद पार्क में सजा शिल्प बाजार, 40 स्टालों पर बिखरी देश की सांस्कृतिक विविधता

गयाजी। शहर के ऐतिहासिक आजाद पार्क में रविवार शाम से देश के विभिन्न राज्यों के हुनर और हस्तशिल्प



का महासंगम सज गया है। भारत सरकारके वस्त्र मंत्रलय द्वारा प्रायोजित और आसरा सेवा केंद्र, भोजपुर के सौजन्य से आयोजित गांधी शिल्प बाजारका भव्य उद्घाटन मंचासीन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। आजाद पार्क में सजे इस बाजार में कुल 40 स्टाल लगाए गए हैं, जहां बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा सहित कई राज्योंके कारीगरों ने अपने हाथों से तैयार बेहतरीन उत्पाद उतारे हैं। इस मेले में हस्तनिर्मित कुर्ती, बेडशीट, चादर, गमछा, शाल, मधुबनी पेंटिंग से सजी साड़ियां, लहठी, चूड़ियां, श्रृंगार सामग्री और बच्चोंके लिए आकर्षक खिलौने विशेष रूप से उपलब्ध हैं। इसके अलावा जूट से बने आधुनिक झोले, काष्ठ एवं शिल्प कला से तैयार भगवान बुद्ध की मनमोहक प्रतिमाएं, खल-बटा और घर की सजावट का सामान भी लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है।

आयोजक विघ्नेश्वर सिंहने बताया कि भारत सरकार की ओर से स्टाल लगाने वाले कारीगरोंको यात्रा और आवासके लिए प्रति स्टाल 9 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने गया के शहरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित आजाद पार्क पहुंचें और इन हस्तनिर्मित उत्पादोंकी खरीदारी कर पारंपरिक कला और कलाकारोंका उत्साह बढ़ाएं। इस अवसरपर आसरा सेवा केंद्र के सचिव कैलाश प्रसाद सिंह, वस्त्र मंत्रालय पटना शाखा के ऋषिनपाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियोंने स्टरलों का निरीक्षणकर कारीगरों की कला को सराहा, जबकि सांस्कृतिक प्रस्तुतियोंने आजाद पार्क के माहौलको पूरी तरह उत्सवी बना दिया है। यह 7 नवंबर तक चलने वाला शिल्प बाजार गयावासियोंके लिए कला और खरीदारीका एक बेहतरीन केंद्र साबित हो रहा है।

पीएनबी गया मंडल ने किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित

गयाजी। पंजाब नैशनल बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप गया मंडलके अंतर्गत दो



जिला गया और जहानाबाद की कुल 72 शाखाओं द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 26 अक्टूबर 2026 से 1 नवंबर 2026 तक किया गया। ग्राहकों एवं आम जनमें जागरूकता फैलाने के लिए सभी शाखाओंमें बैनर प्रदर्शित किया गया। 26 अक्टूबर को मंडल कार्यालय गया एवं समस्त शाखाओं में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमका आरंभ किया गया। प्रधान कार्यालय द्वारा डिजिटल शपथ या ई- सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का कार्यक्रम भी जारी किया गया, जिसके अंतर्गत कोई भी स्टाफ या ग्राहक ई -प्रतिज्ञा ले सकते हैं। ई - प्रतिज्ञा की प्रक्रिया पूरी होनेके उपरांत प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। इस सप्ताह के दौरान 14 पंचायतोंमें ग्राम सभाका आयोजन किया गया।

जैसे - आइमा, उचौली, इत्यादि। इसके साथ ही स्टाफ सदस्यों ने बैनर एवं तख्ती का प्रदर्शन करके पैदल मार्च के द्वारा जन जागरूकता फैलाई। इसी कड़ी में स्वास्थ्य जांच का आयोजन भी किया गया जिसमें 36 लोग लाभान्वित हुए। इसके उपरांत रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

बीडीओ की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियोंके साथ बैठक

फतेहपुर (आससे)।टनकुप्पा प्रखंड के बाजारों में गंदगी का अंबार और सड़कों पर अतिक्रमण से होने वाली परेशानी दूर करने के लिए प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को टनकुप्पा प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ गौरी कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। इसमें आरोपुर पंचायत के बरतारा बाजार मोड़ पर विशेष सफाई अभियान चलाने और सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराने पर विशेष चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे नियमित व्यवस्थाका हिस्सा बनाना जरूरी है। इसके लिए बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई, कचरे का समय पर उठाव तथा उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियोंको आपसी समन्वय से अभियान चलाने पर जोर दिया। साथ ही सड़क पर अतिक्रमणके कारण आवागमन में होने वाली परेशानी दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की पहल करने पर सहमति बनी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत

गयाजी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार तथा कर्नाटक के प्रभारी हरीश द्विवेदी के



पहली बार बिहर आगमनपर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डा. मनीष पंकज मिश्रा ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर अंगवस्त्र एवं भगवान विष्णु के चरणचिह्न का स्मृति चित्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसरपर डा. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरीश द्विवेदी के बिहार प्रभारी बननेके बाद प्रथम आगमनपर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनका कुशल संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण निश्चित रूप से बिहार भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरीश द्विवेदीके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बिहार भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं मजबूत होगा। नए नेतृत्व के मार्गदर्शनमें कार्यकर्ताओंमें नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

गया जी से इंडिया गठबंधन के सैकड़ों नेता कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुँचकर बुलंदकी आवाज

गयाजी। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदानमें आयोजित वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र



बचाओ महारैली में गया जी जिले से इंडिया गठबंधन के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। गया जी से पहुँचे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रोटेस्ट मार्च में भाग लेकर लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के सवालपर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान वोट चोर, गद्दी छोड़ एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए गए।

इस प्रोटेस्ट मार्च एवं महारैली में गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्ना, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठ्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, सीपीआई के जिला अध्यक्ष सीताराम शर्मा, मोहम्मद यहीया, जिला कांग्रेस कमिटीके उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, अर्जुन गुप्ता, शिव कुमार चौरसिया, राजेश्वर पासवान, नाथून पासवान, राजदके रौशन मांझी, आकाश पासवान, सीताराम प्रजापति, अभय कुमार, कांग्रेसके शशि किशोर शिशु, मोहम्मद अजहरुद्दीन, खालिद अमीन, अमरेंद्र सिंह सहित सीपीआईएम के पी.एन. सिंह, राम खेलावन दास तथा माले, वीआईपी एवं समाजवादी पार्टी के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए।

सीयूएसबी में 54 कर्मियों को सतर्कता नियमों और जीईएम का दिया गया प्रशिक्षण

बोधगया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमका आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शनमें आयोजित कार्यक्रमका उद्घाटन कुलसचिव-सह-मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने किया।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माणमें समाज और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान केंद्रीय सतर्कता आयोग के नियमों, वित्तीय साक्षरता, जीईएम द्धगवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेसऋ की कार्यप्रणाली, नए श्रम कानूनों और कार्यक्षमता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई।

उपकुलसचिव प्रतीश कुमार दास और सहायक कुलसचिव अमित कुमार ने प्रशिक्षक के रूप में 54 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेकर की। इस दौरान सभी ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित के सिद्धांतों का पालन करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने का संकल्प लिया।

सीयूएसबी में राष्ट्रीय युवा संसद 'संवाद 2.0' का आयोजन

बोधगया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ला एंड गवर्नेंस की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद 'संवाद 2.0' का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंहके संरक्षण और विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पश्चिम चंपारण के सांसद एवं प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने युवाओं



को संबोधित करते हुए कहा कि असहमतिका अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने विषय का गहन ज्ञान रखने, निभह्रक होकर सत्य बोलने और जनसेवा की भावना से कार्य करने की सीख दी। युवा संसदमें प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, शिक्षा मंत्री, विधि मंत्री और विपक्षके सदस्यों की भूमिका निभाते हुए विकसित भारत-2047, आतंकवाद, बेरोजगारी, पेपर लीक, महिला आरक्षण, डिजिटल एवं जाति जनगणना, एनईपी-2020 और न्याय व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा की। प्रश्नकाल में विभिन्न राष्ट्रीय एवं समसामयिक विषयों पर सवाल-जवाब हुए। पक्क्सो द्धसंशोधनऋ विधेयक भी प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंहने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता में ज्योति प्रियदर्शिनी ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय और अनिरुद्ध सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा चौथे, आर्यश्री पांचवें और इरुान महरूू छठे स्थान पर रहे। विजेताओं को कुलपति, मुख्य अतिथि एवं विभागाध्यक्ष ने पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनायें अभिभावक : अबु फैसल

गया जी। नगर प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट में शनिवार को 'स्वच्छता हमारी संस्कृति' थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रधान शिक्षक अबु फैसल ने की। इसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई। प्रधान शिक्षक अबु फैसलने कहा कि स्वच्छता को जीवनशैली और संस्कार का हिस्सा बनाना जरूरी है। बच्चों में बचपन से ही व्यक्तिगत स्वच्छता, पानी बचाने, कचरेका उचित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

संगोष्ठीमें बच्चोंकी शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य और दिनचर्या पर चर्चा की गई। अभिभावकों को घर में पढ़ाई के लिए अनुकूल माहौल और स्टडी कार्नर तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही इलेक्ट्रानिक कचरे को सामान्य कचरे से अलग रखने और उसका सुरक्षित निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं मो सलाहउद्दीन



अंसारी, सानिया खातून, नाजिया गुलशन, हेना फिरदौस, विकास रंजन कुमार और दिलीप कुमारने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रममें रसोइया नौशाबा खातून, शहनाज खातून और सरिता देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा का प्रखंड सम्मेलन, नहर में पानी लाने का लिया संकल्प

कोंच (आससे)। उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, गुरारू के बैनर तले रविवार को कोंच थाना के डबूर में दूसरा एकदिवसीय प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कमेटी सदस्य राम विजय यादव ने की, जबकि संचालन रामबली यादव ने किया। मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल सिंह मुख्य अतिथिके रूप में शामिल हुए। सम्मेलन की शुरुआत गिरजेश यादव द्वारा झंडोत्तोलन से हुई। शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और एक मिनटका मौन रखकर शहीदों को याद किया गया। संबोधन के दौरान वक्ताओं ने उत्तर कोयल नहर के इतिहास और अब तक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। नहर में पानी लाने के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। उप सचिव अशोक यादव ने कहा कि मुख्य शाखा सहित अंगरा, कोटवारा और चेई नवादा शाखा के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।